प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि शिक्षा का उपयोग राष्ट्र तथा समाज के निर्माण के लिए किया जाना चाहिए। वे आज जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने उपाधि और पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

000000

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में कुल 264 उपाधियां प्रदान की। इनमें 211 कृषि स्नातक, 25 डेयरी प्रौद्योगिकी स्नातक, 23 स्नातकोत्तर और 5 विद्यावाचस्पति की उपाधियां शामिल है। उन्होंने 7 विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक और 3 दान दाता स्वर्ण पदक भी दिए।

00000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने 15वीं सीनियर राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता–2025 के आयोजन के दौरान आयोजक संघ के नाम में राजस्थान शब्द का प्रयोग करने पर पाबंदी लगा दी है। अदालत ने हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश राजस्थान हॉकी एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि खेल अधिनियम की धारा 25 में प्रावधान है कि कोई भी अपंजीकृत संघ अपने नाम में राजस्थान या किसी जिले का नाम शामिल नहीं कर सकता। इसके बावजूद भी अपंजीकृत संघ हॉकी राजस्थान आगामी दिनों में राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है।

00000

उच्च न्यायालय ने नीट पीजी की स्ट्रे राउंड की काउन्सलिंग पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने मामले में दायर याचिका के निस्तारण तक इस राउंड की काउन्सलिंग नहीं करने और तीसरे राउंड का वर्गवार अंतरिम परिणाम जारी करने को कहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश डॉ. विजय लक्ष्मी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके अलावा अदालत ने नीट पीजी के चेयरमैन को आगामी तारीख पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश होने के आदेश दिए है। साथ ही काउंसलिंग में सीट आवंटन को लेकर अपनाई गई प्रक्रिया के बारे में बताने को कहा है।

00000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से राज्य और जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार–2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। ये आवेदन 15 मार्च तक किए जा सकेंगे। विभाग के निदेशक और संयुक्त शासन सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय आवेदन संबंधित जिला कार्यालय में जमा कराए जा सकते हैं, जबकि राज्य स्तरीय आवेदन निदेशालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग जयपुर में जमा होंगे। पात्रता और अन्य जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पिछले साल की पुरस्कृत संस्था या व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए आवेदन नहीं कर सकतें।

000000

प्रयागराज महाकुंभ मेले में आज करीब पंद्रह हजार सफाई कर्मचारी एक साथ सबसे बडे सफाई अभियान में भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बना रहे है। इससे पहले कल महाकुंभ में दो विश्व रिकॉर्ड बने। पहले रिकॉर्ड में कुंभ विश्व का सबसे बडा पर्व बन गया जिसमें पचास करोड से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। वहीं, नदी सफाई का सबसे बडा अभियान चला कर दूसरा विश्व रिकार्ड भी बना। आज के सफाई अभियान का उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देकर महाकुंभ के मूल मूल्यों को उजागर करना है। इसके साथ ही प्रमुख स्थलों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देना है।

000000

परीक्षा पे चर्चा 2025 की पांचवी कड़ी में विद्यार्थियों को मस्तिष्क के चमत्कार के बारे में बताया गया। प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरू जग्गी वासुदेव ने सीखने को मनोरंजक बनाने और संतुलित, जीवंत मस्तिष्क विकसित करने के बारे में अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा के बारे में नहीं है। सद्गुरु ने विद्यार्थियों से अपनी बुद्धि को गतिशील रखने को कहा।

00000